पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# विकसित भारत–जी राम जी के बारे जागरूकता पैदा करने हेतु चौपाल पे चर्चा/सरोवर संवाद का आयोजन

**लखनऊ : 05 फरवरी, 2026**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विकसित भारत–जी राम जी एक्ट के मुख्य प्रावधानों और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष जानकारी सत्र चौपाल पे चर्चा/सरोवर संवाद आयोजित किए जाने की निर्देश सम्बन्धित अधिकारियो को दिए गए हैं।

इस संबंध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अमृत सरोवर स्थलों पर चौपाल पे चर्चा/सरोवर संवाद का आयोजन कराया जाए। ग्रामीणों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति परिवारों, ग्रामीण श्रमिकों महिलाओं और कमजोर समूह की सक्रिय भागीदारी इसमें सुनिश्चित की जाए तथा कार्यवाही का दस्तावेजीकरण किया जाए। पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से टाइमस्टैम्प्ड जिओ–टैग्ड तस्वीरों और वीडियोग्राफ के साथ विवरण/कार्यवाही को रियल टाइम अपलोड किया जाए।

---

**सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव**

**राघवेन्द्र/05:35 PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in